# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश

## प्रेस नोट

दिनांक: **21.02.2026**

**01-01-2026** की अर्हता तिथि के आधार पर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**)

…………………………

विशेष गहन पुनरीक्षण उपरांत दिनांक **21-02-2026** को

**अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित – 5,39,81,065 मतदाता पंजीकृत**

…………………………

**प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 849082**

**मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि (Net Addition)**

…………………………

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision – SIR) अभियान प्रारंभ किया गया था।

दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 से राज्यभर में आरंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत लगभग चार माह तक विभिन्न चरणों में व्यापक एवं प्रभावी कार्यवाही के पश्चात आज अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, विलोपन एवं संशोधन आदि के संबंध में दावे एवं आपत्तियां दिनांक 23/12/2025 से 22/01/2026 तक प्राप्त की गईं। तत्पश्चात 14 फरवरी 2026 तक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्राप्त दावे आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया गया।

अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी नागरिक इस अभियान में अभूतपूर्व सहयोग के लिए धन्यवाद एवं अभिनंदन के पात्र हैं। निर्धारित समय में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु 55 जिला निर्वाचन अधिकारियों, 230 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 533 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 71,930 बीएलओ, अनेक वालंटियर्स की सक्रिय भागीदारी रही। राज्य के मतदाताओं का उत्साहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। मीडिया, राजनीतिक दलों एवं अन्य संगठनों का भी सहयोग मिला। इसके परिणामस्वरूप कुल 5,74,06,143 मतदाताओं में से 5,31,31,983 मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जिनका पूर्ण डिजिटलीकरण किया गया। बीएलओ द्वारा निरंतर घर-घर सर्वेक्षण किया गया, जिसमें दिवंगत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की गई।

SIR की घोषणा के पश्चात राज्यभर में 5.74 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर उनके डिजिटलीकरण का कार्य मिशन मोड में किया गया। अभियान के दौरान ही मृत, अनुपस्थिति, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों के सत्यापन हेतु बूथ लेवल अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया। संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टियों की सूची संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। लगभग चार माह चली प्रक्रिया के पश्चात दिनांक 01-01-2026 की अर्हता तिथि के आधार पर अंतिम मतदाता सूची सभी मतदान केंद्रों एवं निर्धारित स्थलों पर प्रकाशित की गई है। यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ceoelection.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है, जहां मतदाता अपनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व राज्य में कुल 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप सूची के प्रकाशन के पश्चात यह 5,31,31,983 संख्या रही तथा अंतिम मतदाता सूची में 5,39,81,065 मतदाताओं के नाम सम्मिलित हैं। इस प्रकार प्रारूप सूची के बाद 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि (Net Addition) दर्ज की गई है।

प्रत्येक जिले में अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां नियमानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई हैं।

## Special Intensive Revision, 2026

| District Name | Number of Electors in Draft Electoral Roll 2026 | Additions | Deletions | Net increase over Draft Roll | % Net increase over Draft Roll | Number of Electors in Final Electoral Roll 2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SHEOPUR | 483832 | 7824 | 3011 | 4813 | 0.99% | 488645 |
| MORENA | 1370452 | 17971 | 5305 | 12666 | 0.92% | 1383118 |
| BHIND | 1192500 | 17532 | 3193 | 14339 | 1.20% | 1206839 |
| GWALIOR | 1397360 | 39681 | 7740 | 31941 | 2.29% | 1429301 |
| DATIA | 592563 | 10866 | 2246 | 8620 | 1.45% | 601183 |
| SHIVPURI | 1240085 | 18157 | 4750 | 13407 | 1.08% | 1253492 |
| GUNA | 897396 | 15996 | 4376 | 11620 | 1.29% | 909016 |
| ASHOK NAGAR | 616076 | 12302 | 3912 | 8390 | 1.36% | 624466 |
| SAGAR | 1654225 | 35176 | 6818 | 28358 | 1.71% | 1682583 |
| TIKAMGARH | 676955 | 9538 | 1756 | 7782 | 1.15% | 684737 |
| NIWARI | 401334 | 7261 | 1081 | 6180 | 1.54% | 407514 |
| CHHATARPUR | 1372010 | 13505 | 3640 | 9865 | 0.72% | 1381875 |
| DAMOH | 948635 | 12887 | 5025 | 7862 | 0.83% | 956497 |
| PANNA | 735932 | 18608 | 3771 | 14837 | 2.02% | 750769 |
| SATNA | 1160682 | 29378 | 6678 | 22700 | 1.96% | 1183382 |
| MAIHAR | 486303 | 10597 | 2156 | 8441 | 1.74% | 494744 |
| REWA | 1305247 | 27966 | 5911 | 22055 | 1.69% | 1327302 |
| MAUGANJ | 442428 | 11388 | 1511 | 9877 | 2.23% | 452305 |
| SIDHI | 978908 | 19919 | 4555 | 15364 | 1.57% | 994272 |
| SINGRAULI | 652795 | 13089 | 2123 | 10966 | 1.68% | 663761 |
| SHAHADOL | 749173 | 13735 | 2165 | 11570 | 1.54% | 760743 |
| ANUPPUR | 499223 | 7497 | 1461 | 6036 | 1.21% | 505259 |
| UMARIYA | 458493 | 10142 | 1772 | 8370 | 1.83% | 466863 |
| KATNI | 933410 | 26205 | 3377 | 22828 | 2.45% | 956238 |
| JABALPUR | 1676909 | 60662 | 10952 | 49710 | 2.96% | 1726619 |
| DINDORI | 507199 | 14334 | 1652 | 12682 | 2.50% | 519881 |
| MANDLA | 774849 | 26451 | 3681 | 22770 | 2.94% | 797619 |
| BALAGHAT | 1307906 | 18863 | 3303 | 15560 | 1.19% | 1323466 |
| SEONI | 1057576 | 13691 | 2443 | 11248 | 1.06% | 1068824 |
| NARSINGHPUR | 823833 | 20089 | 3448 | 16641 | 2.02% | 840474 |
| CHHINDWARA | 1167234 | 19636 | 4380 | 15256 | 1.31% | 1182490 |
| PANDHURNA | 418295 | 8164 | 2403 | 5761 | 1.38% | 424056 |
| BETUL | 1195558 | 21917 | 4308 | 17609 | 1.47% | 1213167 |
| HARDA | 420221 | 3408 | 948 | 2460 | 0.59% | 422681 |
| NARMADAPURAM | 921830 | 15834 | 2707 | 13127 | 1.42% | 934957 |
| RAISEN | 976689 | 19066 | 5074 | 13992 | 1.43% | 990681 |
| VIDISHA | 1052449 | 16888 | 4338 | 12550 | 1.19% | 1064999 |
| BHOPAL | 1687033 | 82036 | 23616 | 58420 | 3.46% | 1745453 |
| SEHORE | 983143 | 19984 | 5281 | 14703 | 1.50% | 997846 |
| RAJGARH | 1113754 | 16839 | 2554 | 14285 | 1.28% | 1128039 |
| AGAR MALWA | 458386 | 6163 | 1294 | 4869 | 1.06% | 463255 |
| SHAJAPUR | 675798 | 12302 | 3713 | 8589 | 1.27% | 684387 |
| DEWAS | 1178464 | 17869 | 6020 | 11849 | 1.01% | 1190313 |
| KHANDWA | 943613 | 12705 | 2626 | 10079 | 1.07% | 953692 |
| BURHANPUR | 553848 | 10804 | 1070 | 9734 | 1.76% | 563582 |
| KHARGONE | 1398232 | 17638 | 5255 | 12383 | 0.89% | 1410615 |
| BARWANI | 1029537 | 21345 | 4007 | 17338 | 1.68% | 1046875 |
| ALIRAJPUR | 568927 | 4385 | 1267 | 3118 | 0.55% | 572045 |
| JHABUA | 861654 | 23207 | 1364 | 21843 | 2.54% | 883497 |
| DHAR | 1583101 | 19869 | 3844 | 16025 | 1.01% | 1599126 |
| INDORE | 2420171 | 84293 | 17468 | 66825 | 2.76% | 2486996 |
| UJJAIN | 1458616 | 27676 | 9452 | 18224 | 1.25% | 1476840 |
| RATLAM | 1074825 | 14089 | 4857 | 9232 | 0.86% | 1084057 |
| MANDSOUR | 1001851 | 20495 | 2996 | 17499 | 1.75% | 1019350 |
| NEEMUCH | 594465 | 7491 | 1677 | 5814 | 0.98% | 600279 |
| **Grand Total** | **53131983** | **1085413** | **236331** | **849082** | **1.60%** | **53981065** |

18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए युवा मतदाता अर्हता तिथियों के अनुसार भविष्य में प्रपत्र संख्या 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। निरंतर अद्यतन प्रक्रिया के अंतर्गत नागरिक दावें आपत्तियों के लिए प्रपत्र संख्या 6, 7 एवं 8 भर सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जांचने के माध्यम मतदाता अपना नाम निम्न माध्यमों से जांच सकते हैं:

* वेबसाइट: https://ceoelection.mp.gov.in

* वोटर पोर्टल: voters.eci.gov.in

* ECINET ऐप

* संबंधित बीएलओ से

* जिला निर्वाचन अधिकारी / ERO / AERO कार्यालय से

❖ आवेदन प्रक्रिया

➢ यदि आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं है, तो प्रपत्र संख्या 6 भरकर आवश्यक घोषणा एवं दस्तावेजों सहित ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है।

➢ यदि अंतिम मतदाता सूची में दर्ज विवरण में कोई त्रुटि हो, तो प्रपत्र संख्या 8 भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है।

➢ किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराने हेतु प्रपत्र संख्या 7 प्रस्तुत किया जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता एवं सर्वसमावेशिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में निर्वाचन तंत्र के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, बूथ लेवल अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा है।

..............................

" पात्र मतदाता छूटे नही, अपात्र मतदाता शामिल न हो। "